बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

क्रमांक 114 /अकादमी/2016 भोपाल,दिनांक 23-01-2016

प्रति,

प्राचार्य,
समस्त संबद्ध महाविद्यालय(सूचीअनुसार),
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल ।

विषय- भारत सरकार, मानव संसाधन विकास मंत्रालय के वेब पोर्टल पर 'All India Survey on Higher Education year 2013-14, 2014-15' जानकारी अपलोड करने बावत्।

संदर्भ- पूर्व पत्र क्रमांक 187/अकादमी/2015 दिनांक 21.01.2015, क्रमांक 1794/अकादमी/2015 दिनांक 29.07.2015 एवं क्रमांक 2241/अकादमी/15 भोपाल दिनांक 29.09.2015.

महोदय,

उपरोक्त संदर्भित पत्रों के क्रम में लेख है कि महाविद्यालयों से संबंधित जानकारी अपलोड करने हेतु उपलब्ध फार्मेट डीसीएफ-।। पर, ऑनलाईन जानकारी अपलोड करने हेतु आपको पूर्व में भी ई-मेल तथा पत्र के माध्यम से सूचित किया जा चुका है । इस संबंध में अगस्त माह में समस्त 08 जिलों में विश्वविद्यालयों अधिकारियों के द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला भी आयोजित की जा चुकी है परन्तु अनेक महाविद्यालयों द्वारा पंजीयन का कार्य एवं जानकारी अपलोड नहीं की गई है ।

अतः उच्च प्राथमिकता के आधार पर सत्र 2013-14 एवं सत्र 2014-15 की जानकारी **15 फरवरी 2016 तक अपलोड कर प्रिंट आउट दो प्रतियों में अकादमी शाखा में जमा करें ।**

दिनांक 20.01.2016 में आयोजित समीक्षा बैठक में मा.प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा, म0प्र0शासन द्वारा निर्देशित किया गया है कि ऐसा न करने की स्थिति में एवं विश्वविद्यालय के निर्देशों का बार-बार उल्लंघन करने के कारण आपके महाविद्यालय को विश्वविद्यालय से नियमानुसार संबद्धता समाप्त करने की कार्यवाही की जा सकती है ।

(विबसाइट www.aishe.gov.in)

प्रभारी कुलसचिव
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय,भोपाल

पृ.क्र.115 /अकादमी/2016 भोपाल,दिनांक 23-01-2016

प्रतिलिपि-

1. आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग, सतपुड़ा भवन, भोपाल की ओर सूचनार्थ ।
2. राज्य स्तरीय नोडल अधिकारी, एआईएसएचई सतपुड़ा भवन, उच्च शिक्षा विभाग, भोपाल की ओर सूचनार्थ ·
3. नोडल अधिकारी, विश्वविद्यालय वेबसाईट की ओर अपलोड करने हेतु प्रेषित ।
4. कुलपति के निज सहायक के माध्यम से कुलपतिजी के सूचनार्थ ।
5. निजी नस्ती ।

प्रभारी सहायक कुलसचिव,अकादमी
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल